सिप्ज मेट्रो 3 का आज से होगा परीक्षण

मुंबई(यशोडेस्क), कोलाबा -बांद्रा -सिप्ज इस 'मेट्रो 3' का परीक्षण कल से शुरू हो जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शामिल होंगे। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री होंगे मौजूद

और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में मंगलवार सुबह 11 बजे यह परीक्षण शुरू किया जाएगा। कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो 3' का काम 2021 में पूरा होने की उम्मीद थी लेकिन विभिन्न कारणों से परियोजना में देरी हुई। अब एमएमआरसी ने दिसंबर 2023 में सिप्ज से बीकेसी तक 'मेट्रो 3' के पहले चरण को सेवा में लाने का फैसला किया है। इसके लिए सभी रुके हुए कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा कर लिया गया है। 'मेट्रो 3' प्रोजेक्ट में कार शेड का काम भी शुरू हो गया है। साथ ही श्रीसिटी से लाई गई पहली मेट्रो ट्रेन को मुंबई से जोड़ दिया गया है। एमएमआरसी ने मेट्रो टेस्ट की पूरी तैयारी कर ली है और यह टेस्ट मंगलवार से शुरू हो जाएगा। एमएमआरसी के अधिकारियों ने ऐलान किया है कि मंगलवार सुबह 11 बजे से सारीपूत नगर में बने अस्थाई कार शेड में

'मेट्रो 3' का परिक्षण शुरू किया जाएगा। परीक्षण मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में शुरू किया जाएगा। पहला परीक्षण सारीपूत नगर से मरोल तक तीन किमी की दूरी के लिए किया जाएगा। इसके बाद भी परीक्षण जारी रहेगा। 10 हजार किमी तक का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।